पु्ना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT-3			
Student's Name:	**Roll No:**	**Grade:**	**VIII**
Date:	**Time:**	**Total Marks**	**25**
Subject: Hindi	**T. Sign:**		

⇨ **निर्देश- चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**

(अपठित-विभाग)

प्र-1 अपठित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(अंक-5)**

सुख विश्वास से उत्पन्न होता है। सुख जड़ता से भी उत्पन्न होता है। पुराने जमाने के लोग सुखी इसलिए थे कि ईश्वर की सत्ता में उन्हें विश्वास था। उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं। उनका जमघट गाँवों, कस्बों या छोटे-छोटे नगरों में है। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने का कारण यह है कि जो चीज़ उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चित हो जाते हैं। इसी प्रकार सुखी वे लोग भी होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चोंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता को स्वीकार करता है, न ईश्वर के अस्तित्व को तथा जो पूरे मन से न तो जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के अस्तित्व का, असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है। पश्चिम का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है। वह न तो मनुष्य भैंस की तरह खा-पीकर संतुष्ट रह सकता है न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंतामुक्त हो सकता है। इस अभागे मनुष्य के हाथ में न तो लोक रह गया है, न परलोक। लोक इसलिए नहीं कि वह भैंस बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए नहीं कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता। निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है और रह-रहकर आत्महत्या की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता रहता है।

प्रश्न

(क) सुख किनसे उत्पन्न होता है?

(i) विश्वास (ii) जड़ता
(iii) (क) व (ख) (iv) कोई नहीं

(ख) गाँवों में लोग असंतुष्ट नहीं हैं क्योंकि.......

(ग) सुखी वे होते हैं जो

(i) जड़ता को स्वीकार नहीं करते (ii) ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते
(iii) (क) व (ख) (iv) कोई नहीं

(घ) पश्चिम का आधुनिक बोध किससे पीड़ित है?
(ङ) 'विश्वास' का विलोम है।

(व्याकरण-विभाग)

प्र-2 निम्नलिखित क्रियाविशेषण के भेद लिखिए। (अंक-3)

1) उमेश हमेशा सच बोलता है।
2) अभी तक तुमने पर्याप्त नींद नहीं ली।
3) परसों बरसात होगी।

प्र-3 मुहावरों का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (अंक-2)

1) खाने को दौड़ना
2) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

प्र-4 निम्नलिखित वाच्यों को पढ़कर उनके प्रकार लिखिए। (अंक-3)

1) लता से गाना गाया जाएगा।
2) बच्चे से खूब सोया गया।
3) ममता ने रामायण पढ़ी।

(लेखन-विभाग)

प्र-5 निम्नलिखित विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (कोई एक) (अंक-4)

आत्मनिर्भरता

अथवा

आलस्य

प्र-6 निम्नलिखित संवाद लेखन लिखिए। (कोई एक) (अंक-3)

पिता और पुत्र में वार्तालाप।

अथवा

सब्जीवाले और ग्राहक का वार्तालाप

(साहित्य-विभाग)

प्र-7 निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ लिखिए| **(अंक-2)**

1) पगा 2) चाँपि
3) प्रतीक 4) हवाला

प्र-8 दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(कोई एक)** **(अंक-3)**

1) भरा-पूरा परिवार कैसे सुखद बन सकता है और कैसे दुखद? कामचोर कहानी के आधर पर निर्णय कीजिए।

2) "चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।" उपर्युक्त पंक्ति कौन, किससे कह रहा है?इस कथन की पृष्ठभूमि स्पष्ट कीजिए। इस उपालंभ "शिकायत" के पीछे कौन-सी पौराणिक कथा है?